वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
अनुसन्धान भवन, 2, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली - 110 001

सं.26-6(45)/2023-पीयू

दिनांक: 14.09.2023

परिपत्र

विषय: सत्रहवीं (17वीं) लोकसभा के तेरहवें (13वें) सत्र और राज्यसभा के दो सौ इकसठवें (261वें ) सत्र का प्रारंभ- विशेष सत्र, 2023

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने अपने दिनांक 12 सितंबर, 2023 के परिपत्र संख्या एच-11011/11/2023-पार्ल.यूनिट/एफटीएस-46102 के माध्यम से बताया है कि सत्रहवीं (17वीं ) लोकसभा का तेरहवां ( 13वां ) सत्र और राज्यसभा का दो सौ इकसठवां (261वां) सत्र सोमवार, 18 सितंबर, 2023 को प्रारंभ होगा और इस विशेष सत्र की शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 को समाप्त होने की संभावना है।

लोकसभा और राज्यसभा में बैठकों का समय पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक और अपराह्न 02.00 बजे से सायंकाल 06.00 बजे तक होगा।

17वीं लोकसभा के 13वीं सत्र के दौरान कोई प्रश्नकाल नहीं होगा और राज्यसभा के 261वें सत्र के दौरान कोई प्रश्नकाल, शून्यकाल और निजी सदस्यों का कामकाज नहीं होगा । इस विशेष सत्र, 2023 के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में केवल सरकारी कामकाज ही संचालित किया जाएगा।

उपरोक्त संसद सत्र के दौरान, सीएसआईआर के सभी प्रभागीय प्रमुखों और अधिकारियों से अनुरोध है कि वे संसदीय कार्य में भाग लेने के लिए उपलब्ध रहें। किसी अन्य कार्य को तब तक उच्च प्राथमिकता नहीं दी जाएगी जब तक कि ऐसा करने के लिए महानिदेशक, सीएसआईआर/सचिव, डीएसआईआर से विशिष्ट अनुमोदन प्राप्त न कर लिया गया हो। उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे महानिदेशक, सीएसआईआर/सचिव, डीएसआईआर के अनुमोदन के बिना संसद सत्र के दौरान छुट्टी या दौरे पर न जाएं।

14/9/2023
( छेरिंग तोबदन )
वरिष्ठ उप सचिव (संसद)

सूचनार्थ प्रतिलिपि:

1. माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के ओएसडी
2. महानिदेशक, सीएसआईआर और सचिव, डीएसआईआर के वरिष्ठ पीपीएस
3. संयुक्त सचिव (प्र), सीएसआईआर का कार्यालय
4. संयुक्त सचिव, डीएसआईआर का कार्यालय
5. सीएसआईआर मुख्यालय/सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स/आईपीयू/टीकेडीएल, नई दिल्ली के सभी प्रभागों/अनुभागों के प्रमुख और अधिकारी।
6. सभी नोटिस बोर्ड
7. प्रमुख, आईटी प्रभाग - इस अनुरोध सहित कि कृपया उक्त परिपत्र को सीएसआईआर की वेबसाइट पर होस्ट करें
8. कार्यालय प्रति